Series **ABCD1/2**

Set No. 3

प्रश्न-पत्र कोड **2/2/3**

अनुक्रमांक

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

हिन्दी (आधार)

HINDI (Core)

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

(iii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **07** प्रश्न पूछे गए हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iv) *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क
(कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन) 20

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से किसी ***एक*** शीर्षक का चयन कर लगभग 150 – 200 शब्दों में एक रचनात्मक लेख लिखिए : *1×5=5*

(क) घर बैठकर दफ़्तर का काम

(ख) मेले में उमड़ती भीड़

(ग) सुबह की सैर का आनंद

2. (क) आप सुधा/सुहव हैं । आपका बचत खाता, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, क.ख.ग. नगर में है । आप 'नेट बैंकिंग सेवा' का लाभ प्राप्त करना चाहती/चाहते हैं । इस विषय में आवश्यक जानकारी प्राप्त करने हेतु बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए । *5*

अथवा

(ख) आप लता/ललित हैं । आपके पैतृक गाँव में चिकित्सा-सुविधाओं का अभाव है । समाचार-पत्र 'अपना पेपर' के सम्पादक को पत्र लिखकर गाँवों में चिकित्सा-सुविधाओं की कमी का उल्लेख कीजिए और कुछ गाँवों के बीच प्राथमिक चिकित्सा सुविधा वाले अस्पताल खोलने का सुझाव दीजिए, जहाँ आस-पास के ग्रामीण भी लाभान्वित हो सकें । *5*

3. (i) (क) कहानी को नाटक में किस प्रकार रूपांतरित किया जा सकता है ? आधार बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । *3*

अथवा

(ख) कहानी के नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? *3*

(ii) (क) रेडियो नाटक के लिए पात्रों की संख्या सीमित क्यों रखनी चाहिए ? *2*

अथवा

(ख) रेडियो नाटक की अवधि आमतौर पर 15 – 30 मिनट तक की ही क्यों रखी जाती है ? *2*

4. (i) (क) फ़ीचर क्या है ? फ़ीचर लेखन की शैली का उल्लेख कीजिए । 3

अथवा

(ख) विशेष रिपोर्ट किसे कहा जाता है ? यह कैसे तैयार की जाती है ? 3

(ii) (क) विशेष लेखन की भाषा-शैली सामान्य लेखन से अलग क्यों होती है ? 2

अथवा

(ख) पत्रकारिता जगत में साक्षात्कार का क्या महत्त्व है ? 2

खण्ड ख
(पाठ्यपुस्तक और अनुपूरक पाठ्यपुस्तक) 20

5. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(i) 'उषा' कविता के आधार पर बताइए कि भोर के नभ और राख से लीपे गए चौके में क्या समानता है । 3

(ii) 'धूत कहौ, अवधूत कहौ' छंद में तुलसीदास ने समाज पर अपना क्षोभ कैसे व्यक्त किया है ? 3

(iii) फ़िराक गोरखपुरी की रुबाइयों से उभरने वाले वात्सल्य भाव के चित्रों को अपने शब्दों में चित्रित कीजिए । 3

6. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में दीजिए : *3×3=9*

(i) 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर बताइए कि चाँद सिंह नामक पहलवान को चित्त करने के बाद लुट्टन के जीवन में क्या परिवर्तन आ गया । 3

(ii) 'नमक' कहानी में नमक किस बात का प्रतीक है ? इस कहानी में वतन शब्द का भाव किस प्रकार दोनों तरफ के लोगों को भावुक बनाता है ? 3

(iii) डॉ. भीमराव आंबेडकर जाति-प्रथा को श्रम विभाजन का ही रूप क्यों नहीं मानते हैं ? 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के आधार पर लिखिए । 3

(iv) डॉ. आंबेडकर के आदर्श समाज की कल्पना में 'भ्रातृता' का महत्त्व स्पष्ट कीजिए । 3

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *3+2=5*

(i) (क) 'मुअनजो-दड़ो का नगर-नियोजन भव्य एवं अनूठा था ।' 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए । *3*

अथवा

(ख) "ऐन की डायरी इतिहास के एक सबसे आतंकप्रद और दर्दनाक अध्याय के साक्षात् अनुभव को बखान करती है ।" – 'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

(ii) (क) सिंधु घाटी सभ्यता को 'जल-संस्कृति' के नाम से क्यों जाना जाता है ? *2*

अथवा

(ख) महिलाओं के अधिकारों और जीवन-शैली के बारे में ऐन फ्रैंक के विचारों की समीक्षा जीवन-मूल्यों की दृष्टि से कीजिए । *2*